## सार-समाचार

### पीएनबी आरसेटी भरतपुर में मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**भरतपुर ( निस )।** नाबार्ड द्वारा पीएनबी मंडल कार्यालय परिसर भरतपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ डीडीएम नाबार्ड शिवम अग्रवाल, पीएनबी मंडल प्रमुख प्रमोद कुमार, उप मंडल प्रमुख धर्मेंद्र मीणा, पीएनबी प्रेरणा अध्यक्षा शुभी शर्मा, एलडीएम भरतपुर प्रशांत कुमार, एलडीएम डीग निखिल लॉल तथा आरसेटी निदेशक मलूक सिंह द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। तदोपरांत सभी आगंतुक अतिथियों का शॉल व फ्लावर पॉट देकर स्वागत किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का सम्मान करने, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है यह दिन महियाओं के संघर्ष, सशक्तिकरण और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देने के साथ साथ भेदभाव को दूर करने की याद दिलाता है। इसके बाद महिला दिवस के उपलक्ष में केक कटिंग किया गया कार्यक्रम में आरसेटी में ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं ने भाग लिया महिलाओं द्वारा कविता पाठ, एकल नृत्य तथा मनोरंजन खेल खिलावाए गये तथा उत्साहवर्धन किया गया अंत में सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा पारितोषिक वितरण किया गया। तथा अंत में एलडीएम भरतपुर प्रशांत कुमार द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

### पुलिस प्रशिक्षणार्थियों का शैक्षिणक भ्रमण आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** पुलिस प्रशिक्षण स्कूल, भरतपुर के रिक्रूट कांस्टेबल बैच के लगभग 260 पुलिस प्रशिक्षणार्थियों का शनिवार को डीग जिले के कुम्हेर कस्बे में समृद्ध भारत अभियान के अंतर्गत संचालित सामाजिक एवं विकासात्मक कार्यों का अवलोकन करने हेतु फील्ड विजिट आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम थाना कुम्हेर के सीआई जितेंद्र सिंह के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षणार्थियों ने समृद्ध भारत अभियान द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर समृद्ध भारत अभियान के स्टेट हेड पुनीत गुप्ता ने प्रशिक्षणार्थियों को संस्था की स्थापना, उद्देश्यों तथा विभिन्न सामाजिक कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, बाल विकास, डिजिटल शिक्षा तथा कौशल विकास के क्षेत्र में निरंतर कार्य किया जा रहा है। संस्था का उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों तक शिक्षा और अवसर पहुंचाकर उन्हें सशक्त बनाना है। कुम्हेर थाना प्रभारी सीआई जितेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के विकास और जागरूकता से जुड़े प्रयासों में भी उसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि पुलिस और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है तथा इस प्रकार के शैक्षिणक भ्रमण से प्रशिक्षणार्थियों को समाज के जमीनी कार्यों को समझने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के दौरान सीडीपीओ महेंद्र अवस्थी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों के समठा विकास के लिए पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा से संबंधित अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर अनिल गर्ग, योगेश शुक्ला, मेघा गर्ग, मोनू सैन, एवं विष्णु मित्तल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

### रामकथा व कलश यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक

**भरतपुर ( निस )।** आगामी 26 मार्च को आयोजित होने वाली भव्य राम शोभायात्रा के अंतर्गत 18 मार्च से विशाल श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन की कलश यात्रा की तैयारियों को लेकर आयोजन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक नमन मैरिज होम कार्यालय, सहयोग नगर में आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में रामभक्तों ने भाग लिया। बैठक में कार्यक्रम को भव्य और सफल बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि 18 मार्च को प्रातः 9:30 बजे लक्ष्मण मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का शुभारंभ होगा। इस कलश यात्रा में बड़ी संख्या में माताएं और बहनें सिर पर कलश धारण कर मंगलगीतों और जय श्रीराम के जयघोष के साथ नगर भ्रमण करेंगी, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बनेगा। बैठक के दौरान राम शोभायात्रा एवं श्रीराम कथा के पोस्टर का विधिवत विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सामूहिक रूप से संकल्प लिया। साथ ही आयोजन की विभिन्न व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए समिति के सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं।

### भरतपुर जिला खण्डेलवाल युवा वैश्य समिति की प्रथम बैठक संपन्न

**भरतपुर ( निस )** जिला खंडेलवाल युवा वैश्य समिति की पहली बैठक खंडेलवाल भवन डीग में स्थानीय खण्डेलवाल वैश्य समाज एवं युवा मंडल डीग के सहयोग से संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता जिला खंडेलवाल युवा वैश्य समिति भरतपुर- डीग के अध्यक्ष निखिल खंडेलवाल द्वारा की गई जिसमें समाज एकता एवं विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में विभिन्न आठ इकाइयों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया की आगामी समय में समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की तीन बेटियों की शादी का संपूर्ण खर्चा युवा समिति द्वारा वहन कर सहयोग प्रदान किया जाएगा उपस्थित सभी समाज बंधुओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए जिसमें शिक्षा, व्यापार, वैवाहिक कार्य, स्वास्थ्य एवं समाज की अखंडता को बनाए रखने पर जोर दिया गया एवं भविष्य में रक्तदान शिविरों का आयोजन किए जाने पर विचार किया। सभी बंधुओं ने निर्णय लिया की आगामी माह मई में समाज के बच्चों के विकास को ध्यान में रखते हुए एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है जिसमें समाज के संत शिरोमणि कुलभूषण संत सुंदर दास महाराज की जीवनी से संबंधित एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रतियोगिता का आयोजन प्रत्येक इकाई द्वारा किया जाएगा जिसमें कक्षा आठवीं नवमी व दशमी के छात्र छात्राएं भाग ले सकेंगे इकाई द्वारा प्रतियोगिता में उत्तीर्ण प्रथम पांच बच्चों का चयन कर जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**करौली।** घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों और कमर्शियल गैस की कमी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी करौली ने शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट के सामने प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम महर के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में कांठोस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी और पर्याप्त उपलब्धता की मांग की। घनश्याम महर ने कहा कि सरकार ने गैस सिलेंडर की बुकिंग का समय 25 दिन कर दिया है, जिससे आम लोगों को समय पर गैस नहीं मिल पा रही है। कई लोगों को लंबे समय तक सिलेंडर का इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें फिर से चूल्हे का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कैलादेवी के लक्की मेले के दौरान शहर में जगह-जगह भंडारे लगाए जाते हैं, लेकिन गैस की कमी से सेवा कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

### टीकाकरण अभियान कल से

**हिंडौन सिटी।** केंद्र प्रवर्तित योजना एफएमडीसीपी के सातवें चरण के अंतर्गत दिनांक 16 मार्च से सभी दुधारू पशुओं के खुरपका मुंहपका रोग से बचाव के टीके लगाए जाएंगे। पशुधन प्रसार अधिकारी ललित शर्मा ने बताया कि यह अभियान 16 मार्च से पूरे राजस्थान में चलेगा। इस अभियान की तैयारी को लेकर श्री महावीर जी नोडल क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों की बैठक उपनिदेशक डॉ विजय सिंह मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।बैठक के दौरान बताया गया कि इस अभियान के दौरान सभी पशुपालकों का भारत पशुधन एप पर डाटा भी अपडेट किया जाएगा। इस अवसर पर पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार भारद्वाज ने पशुपालकों से अपील की कि जब भी पशुपालन विभाग का कर्मचारी आपके घर आए तो टीकाकरण में सहयोग प्रदान करें साथ ही टीकाकरण का ऑनलाइन इंद्राज भी किया जाएगा।

# मेला शुभारंभ से पहले यात्रियों की लंबी कतार

- कैलादेवी मंदिर ट्रस्ट द्वारा किया भंडारे का शुभारंभ

**कैलादेवी करौली।** जिले में प्रमुख तीर्थस्थली कैला देवी का लख्खी मेला शुभारंभ के चार दिन पूर्व से ही कैला मां के दर्शनों के लिए पद यात्रियों के अलावा वाहनों से आने का सिलसिला सिलसिला शुरू हुआ वही कैला देवी मंदिर ट्रस्ट में यात्रियों की आवक को देखते हुए निशुल्क भंडारा शुरू किया। कैलादेवी जी लख्खी चैत्र नवरात्रा मेला 16 मार्च 2026 से शुरू होने जा रहा है लेकिन इस बार यात्रियों की आवक मेले की शुभारंभ के चार दिन पूर्व से ही देखी जा रही है जिसको देखते हुए कैला देवी मंदिर ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष कैला देवी करौली सड़क मार्ग पर दो बड़े भंडारे लगाए गए हैं जिन भंडारों में यात्रियों को प्रातः प्रातः 4:00 बजे से ही चाय से लेकर नाश्ता भोजन जलपान एवं निशुल्क उपचार की व्यवस्था की गई है जिन पर यात्री ट्रस्ट की सुविधाओं का पूर्ण रूप से लाभ ले रहे हैं और केला मैया के दर्शनों के लिए लांगुरिया गीतों के साथ मां केला देवी के दरबार की ओर बढ़ रहे हैं केला देवी मंदिर ट्रस्ट के लीगल एडवाइजर एवं केला देवी मेले के कंट्रोल रूम प्रभारी एडवोकेट संतोष सिंह ने बताया कि इस बार कैला देवी मंदिर ट्रस्ट के सोल ट्रस्टी कृष्ण चंद्रपाल के निर्देशानुसार मिले शुभारंभ के चार दिन पूर्व से ही भंडारों सुचारू रूप से चालू कर दिया गया है और इन भंडारों में यात्री विश्राम के अलावा चाय नाश्ता भोजन आदि का लाभ ले रहे हैं।

### चिकित्सा व्यवस्थाओं का निरीक्षण

करौली। आस्था धाम कैलादेवी के लक्की मेले को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई व्यवस्थाओं का शनिवार को सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीणा ने निरीक्षण किया। उन्होंने पाताली हनुमान मंदिर स्थित राजकीय चिकित्सा इकाई सहित गुडला, गढ़ी बांधवा, फैली का पुरा, खेड़ा, जट्ट नागला, सूरौठ, बंसी का बाग, करसाई, राजौर, अतेवा तथा खोहरी में संचालित अस्थाई चिकित्सा इकाइयों का जायजा लिया। दवाओं की उपलब्धता तथा कार्मिकों की उपस्थिति की जांच की और यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने फुलवाड़ा, हिंडौन के केशव विद्या मंदिर के पास तथा ढिंढोरा में अतिरिक्त चिकित्सा इकाइयां स्थापित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। वहीं पीएचसी ढिंढोरा परिसर में यात्रियों की बैठक व्यवस्था के लिए सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी पाबंद किया। इस दौरान जिला कार्यक्रम समन्वयक (आईईसी) लखन सिंह लोधा भी मौजूद रहे।

### माता के जयकारे गूंजे, जगह-जगह पदयात्रियों के लिए भंडारे

**सूरौठ।** कस्बे में इन दिनों माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। चैत्र नवरात्र के अवसर पर माता के दर्शन के लिए निकल रहे पदयात्रियों की सेवा में कस्बे के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भंडारों का आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालु पदयात्रियों के लिए भोजन, जलपान और विश्राम की व्यवस्था कर पुण्य लाभ कमा रहे हैं। कस्बे के प्रमुख मार्गों पर युवाओं और समाजसेवियों की टीम द्वारा भंडारे लगाए गए हैं, जहां बड़ी संख्या में पदयात्री रुककर प्रसाद ठाहण कर रहे हैं। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता के जयकारे लगाते हुए भक्तिमय माहौल बना दिया। भंडारों में, चाय , पूड़ी-सब्जी सहित अन्य प्रसाद की व्यवस्था की गई है। हर वर्ष की तरह इस बार भी पदयात्रियों की सेवा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं, ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस अवसर पर कई समाजसेवी, युवा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे तथा पदयात्रियों की सेवा में सक्रिय रूप से सहयोग किया।

### यूजीसी कानून के विरोध में मौन जुलूस

**करौली।** यूजीसी कानून के विरोध में शुक्रवार को यूजीसी संघर्ष समिति के नेतृत्व में शहर में मौन जुलूस निकाला गया और पुरानी कलेक्ट्री सर्किल पर आदेशों की प्रतीकात्मक होली जलाकर विरोध दर्ज कराया गया। संघर्ष समिति के अध्यक्ष एडवोकेट ऊधौ सिंह के नेतृत्व में निकाला गया यह जुलूस पुरानी नगर पालिका से शुरू होकर फूटाकोट, सदर बाजार, बड़ा बाजार और वजीरपुर गेट होते हुए पुरानी कलेक्ट्री सर्किल तक पहुंचा। जुलूस प्रारंभ होने से पहले सामान्य समाज के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ एवं प्रबुद्ध जनों की सभा आयोजित की गई। संघर्ष समिति के सहसंयोजक नरेश सिंह बिनेगा ने बताया कि यूजीसी कानून के विरोध में सामान्य समाज एकजुट होकर अपनी आवाज उठा रहा है। सभा को संबोधित करते हुए ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मदन मोहन पचौरी एवं एडवोकेट ऊधौ सिंह ने कहा कि सरकारों द्वारा सामान्य समाज की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने यूजीसी कानून को शिक्षा व्यवस्था में भेदभाव को बढ़ावा देने वाला बताया और इसे वापस लेने की मांग की। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि यह कानून वापस नहीं लिया गया तो चरणबद्ध आंदोलन जारी रहेगा।

## राजस्थान दिवस समारोह: 19 मार्च तक होंगे विविध कार्यक्रम

- विकसित रन रैली, क्विज प्रतियोगिता व स्वच्छता गतिविधियां आयोजित

**करौली ।** राजस्थान दिवस समारोह 2026 के अंतर्गत जिले में 19 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिड़वाल ने बताया कि समारोह के दौरान स्वच्छता, शिक्षा, खेल एवं जनजागरूकता से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 15 मार्च को प्रातः 7:30 बजे त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम, करौली से विकसित रन रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली में राजकीय एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, स्काउट-गाइड तथा विभिन्न विभागों के कार्मिक भाग लेंगे। रैली के सफल संचालन के लिए 30 शारीरिक शिक्षकों की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। इसी दिन जिले के सभी विद्यालयों में राजस्थान को जानें विषय पर डिजिटल क्विज प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण के साथ-साथ निबंध, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिससे विद्यार्थियों को राज्य के इतिहास, संस्कृति और विकास के बारे में जानकारी मिल सके। इसके अतिरिक्त 17 मार्च को दोपहर 12:00 बजे से 1:30 बजे तक पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, करौली में राजस्थान को जानें क्विज प्रतियोगिता का जिला स्तरीय आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद ने बताया कि राजस्थान दिवस समारोह के तहत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं । इसके तहत 15 मार्च को ठााम स्तर पर सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसकी थीम प्लास्टिक कचरा प्रबंधन रहेगी। 16 मार्च को क्लीन टॉयलेट दिवस के रूप में सीएससी एवं पिंक टॉयलेट की सफाई तथा व्यक्तिगत शौचालयों की क्रियाशीलता सुनिश्चित की जाएगी। 17 मार्च को सार्वजनिक, धार्मिक, पर्यटन स्थलों एवं ठाामीण क्षेत्रों में दुकानों आदि पर कचरा पात्र की व्यवस्था सुनिश्चित कर ठोस कचरा प्रबंधन विषय पर गतिविधियां आयोजित होंगी।18 मार्च को नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई, श्रमदान तथा घरों में सोखता गड्ढा व किचन गार्डन बनाने के लिए प्रेरित करते हुए तरल कचरा प्रबंधन से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं 19 मार्च को स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में छात्राओं को मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन (एमएचएम) के प्रति जागरूक किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी विभागों, शिक्षण संस्थानों एवं आमजन से इन कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाकर राजस्थान दिवस समारोह को सफल बनाने की अपील की है।

### ट्रक की टक्कर डीपी व बिजली का खम्बा क्षतिग्रस्त

- ट्रांसफार्मर में लगी आग,घटना के बाद क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप
- दमकल कर्मियों ने तत्परता के साथ आग पर पाया काबू
- टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों खंभे टूट गए और उन पर रखा ट्रांसफार्मर नीचे गिर गया

**गंगापुर सिटी ।** शनिवार को नहर रोड पर दोपहर में एक ट्रक की टक्कर से डीपी व बिजली का खम्बा क्षतिग्रस्त हो गया जिससे खम्भे पर लगी डीपी के नीचे गिरने से उसमे आग लग गई। गोशाला और कब्रिस्तान के बीच हुए इस हादसे में दो बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए और एक बडा ट्रांसफार्मर नीचे गिरकर उसमें आग लग गई। घटना के बाद क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर करीब 12 बजे एक ओवरलोड ट्रक नहर रोड से गोशाला मार्ग की ओर जा रहा था। इसी दौरान ट्रक बिजली के खंभों के स्ट्रक्चर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों खंभे टूट गए और उन पर रखा ट्रांसफार्मर नीचे गिर गया।

ट्रांसफार्मर से तेल रिसने के कारण तुरंत आग भड़क उठी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत दमकल विभाग और बिजली निगम को सूचना दी। सूचना मिलते ही बिजली निगम के कनिष्ठ अभियंता विकास अग्रवाल, निगमकर्मी और दमकल की टीम मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया।

आग बुझने के बाद निगमकर्मियों ने क्षतिग्रस्त खंभों और ट्रांसफार्मर का जायजा लिया। कनिष्ठ अभियंता विकास अग्रवाल ने बताया कि ट्रक नहर रोड स्थित कुरैशी ट्रांसपोर्ट पर सामान लेकर आया था और उसी की टक्कर से यह घटना हुई।

बिजली निगम की ओर से ट्रक मालिक और चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। इस घटना से क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बिजली निगम की टीम ने मौके पर ही मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है। समय रहते आग पर काबू पा लेने से एक बड़ा हादसा टल गया, जिससे जान-माल के बड़े नुकसान से बचाया जा सका।

### राजस्थान दिवस समारोह के तहत ओडीओपी प्रदर्शनी शुरु

- करौली जिले में एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत सैंड स्टोन आर्टिकल्स का चयन किया गया है

**करौली ।** राजस्थान दिवस समारोह 2026 के अंतर्गत राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में 15 मार्च से 19 मार्च तक ओडीओपी (एक जिला एक उत्पाद) प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक गणेश शर्मा ने बताया कि करौली जिले में एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत सैंड स्टोन आर्टिकल्स का चयन किया गया है। जिले में बड़ी संख्या में गैंगसा इकाइयाँ, सैंड स्टोन उत्पादों का निर्माण तथा सीएनसी कटिंग मशीनों से तैयार उत्पादों की इकाइयाँ संचालित होने के कारण यह उत्पाद जिले की पहचान बन रहा है। उन्होंने बताया कि ओडीओपी प्रदर्शनी का शुभारंभ 15 मार्च को प्रातः 10:15 बजे टाउन हॉल परिसर, कलेक्ट्रेट करौली में जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना तथा स्थानीय विधायक दर्शन सिंह गुर्जर और हंसराज मीणा के कर कमलों से किया जाएगा । प्रदर्शनी में जिले के स्थानीय उत्पादकों द्वारा लगभग 15 से 20 स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें सैंड स्टोन से निर्मित विभिन्न कलाकृतियों और उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही आगंतुकों के लिए प्रश्नोत्तरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सेमिनार भी आयोजित किए जाएंगे। महाप्रबंधक ने जिले के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी में भाग लेकर स्थानीय उत्पादों और कारीगरों को प्रोत्साहन देने की अपील की है।

## सार-समाचार

### स्वच्छता सप्ताह शुरु

**करौली ।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत राजस्थान दिवस समारोह 2026 के अवसर पर 14 मार्च से 19 मार्च 2026 तक स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को जिला परिषद सभागार, करौली में जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ स्वच्छता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा अतिरिक्त जिला कलक्टर करौली ने उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता की शुरुआत स्वयं से और अपने घर-परिवार से करनी चाहिए तथा इसे जन-आंदोलन बनाने पर बल दिया। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने स्वच्छता सप्ताह के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आमजन से कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की, ताकि स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता को और मजबूत किया जा सके।

### 8 लोक अदालत का गठन

**करौली।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष तथा जिला एवं सेशन न्यायाधीश करौली माधवी दिनकर के निर्देशन में 14 मार्च 2026 को करौली जिले के समस्त न्यायिक न्यायालयों, समस्त राजस्व न्यायालयों, जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग करौली तथा श्रम विभाग करौली में लंबित व प्री-लिटिगेशन विवादों से संबंधित एक दिवसीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन ऑफलाइन एवं ऑनलाइन माध्यम से किया गया। सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश ममता चौधरी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट करौली परवीन बानू तथा अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट लक्षिता सूत्रकार ने मां सरस्वती के चित्रपट पर दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन हेतु करौली मुख्यालय पर 3, सपोटरा मुख्यालय पर 1, ताल्लुका मुख्यालय हिण्डौन सिटी पर 2, श्रीमहावीरजी पर 1 तथा टोडाभीम पर 1 लोक अदालत बेंच का गठन किया गया। इस प्रकार सम्पूर्ण जिले में कुल 8 बेंचों द्वारा लोक अदालत में राजीनामा के आधार पर प्रकरणों का निस्तारण किया गया। करौली मुख्यालय पर बेंच संख्या-01 की अध्यक्ष परवीन बानू (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट), बेंच संख्या-02 की अध्यक्ष लक्षिता सूत्रकार (अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट) तथा बेंच संख्या-03 की अध्यक्ष ममता चौधरी (सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) रहीं।बेंच संख्या-01 में सदस्य पीयूष कुमार शर्मा (अधिवक्ता) एवं सुरेन्द्र चतुर्वेदी (सदस्य, जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग) तथा बेंच संख्या-02 में सदस्य शफी अहमद खान (अधिवक्ता) रहे। वहीं बेंच संख्या-03 में सदस्य बलवीर सिंह राणा (तहसीलदार, तहसील करौली) रहे । राष्ट्रीय लोक अदालत में सम्पूर्ण करौली जिले में न्यायालयों में लंबित 4697 प्रकरण रखे गए, जिनमें से 2644 प्रकरणों का निस्तारण कर 2,48,07,151 रुपये का अवार्ड पारित किया गया। वहीं बैंक एवं वित्तीय संस्थाओं के प्री-लिटिगेशन के 28484 प्रकरण रखे गए, जिनमें से 17707 प्रकरणों का निस्तारण कर 6,34,67,515 रुपये का अवार्ड पारित किया गया।

### छात्रावास की बैठक 15 को

**करौली ।** महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान, करौली की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार 15 मार्च को महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान छात्रावास परिसर में आयोजित की जाएगी। बैठक प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक संस्थान अध्यक्ष प्रेम सिंह माली की अध्यक्षता में संपन्न होगी। संस्थान के सचिव रामगोपाल माली ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में छात्रावास परिसर में चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की जाएगी तथा संस्थान के आगामी चुनावों को लेकर विशेष रूप से चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही संस्थान के विकास से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। वहीं माली समाज कस्बा करौली के प्रवक्ता गोपाल माली ने बताया कि इसके पश्चात माली समाज कस्बा करौली की बैठक भी उसी परिसर में दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता कस्बा अध्यक्ष रामगोपाल माली करेंगे।

